<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक– 11.03.2025 (दोपहर–1455 बजे)</u>

झारखंड का कुख्यात अपराधी अमन साहू पुलिस मुठभेड़ में मारा गया है। पलामू की पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन ने फोन पर इसकी पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि रायपुर से रांची लाने के क्रम में अमन साहू पुलिस से हथियार छीनकर भागने लगा। पुलिस ने उसे रोकने की कोशिश की तो उसने फायरिंग कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में वह मारा गया।

*********************

रांची से बीजेपी विधायक सीपी सिंह ने पुलिस के कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि पुलिस सुरक्षा देने के लिए है और वो अपना काम बखूबी कर रही है–

राज्य के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने कहा कि हेमंत सरकार जीरो टॉलरेंस की सरकार है। राज्य में विधि व्यवस्था बनाए रखना सरकार की प्राथमिकता है–

*********************

कोडरमा सांसद और केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी के नेतृत्व में भारत सरकार के एक प्रतिनिधिमंडल ने महिलाओं की स्थिति पर आयोग के 69वें सत्र में भाग लिया। इस न्यूयॉर्क स्थित संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में अन्नपूर्णा देवी ने मंत्रिस्तरीय मंच पर भारत का वक्तव्य देते हुए प्राथमिकता वाले विषयों पर चर्चा की। इस दौरान उन्होंने आज पूरे देश में महिलाओं और बच्चों के सशक्तिकरण, संरक्षण और समग्र विकास के लिए भारत सरकार की अटूट प्रतिबद्धता की पुष्टि की। उन्होंने चिंता के 12 महत्वपूर्ण क्षेत्रों को संबोधित करते हुए लैंगिक समानता पर भारत की प्रगति का उल्लेख किया।

*********************

झामुमो विधायक सुदीप गुड़िया ने तोरपा प्रखंड में पेयजलापूर्ति संकट का मुद्दा उठाया. उन्होंने बताया कि कारो नदी से तोरपा पंचायत (पूर्वी और पश्चिमी) अम्मा पंचायत, मरचा पंचायत, उड़ीकेल पंचायत और दियांकेल पंचायत के 3 हजार से ज्यादा घरों में जलापूर्ति होती है. नदी पर 2 इंटेक वेल बने हैं. तीसरा इंटेक वेल भी बनाया जा रहा है. गर्मी में नदी का जलस्तर नीचे चला जाता है. इससे जलापूर्ति प्रभावित होती है. उन्होंने पानी स्टोर करने के लिए छलका डैम बनाने की मांग भी की, ताकि लोगों को निर्बाध जलापूर्ति मिल सके।

*********************

सुचारू यातायात व्यवस्था के लिए साहिबगंज जिला में पहला ट्रैफिक थाना खोलने की प्रक्रिया अंतिम चरण में चल रही है। और जानकारी के साथ हमारे संवाददाता–

*********************

रांची–गोरखपुर होली स्पेशल ट्रेन का परिचालन कल से होगा। यह ट्रेन बोकारो स्टील सिटी, गोमो जंक्शन, कोडरमा, गया के रास्ते चलेगी। यह जानकारी धनबाद रेल मंडल के वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक अमरेश कुमार ने दी। कल रांची से जयनगर के बीच भी होली स्पेशल ट्रेन चलायी जायेगी।

*********************

राजधानी रांची समेत राज्य के सभी जिलों का अधिकतम तापमान में लगातार बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। अधिकतर जिलों में तापमान 30 डिग्री सेल्सियस से अधिक दर्ज किया जा रहा है। मौसम विभाग की मानें तो होली के दिन 15 मार्च को आकाश में बादल छाए रह सकते हैं। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार अगले पांच दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में पांच डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोत्तरी हो सकती है।

*********************

महिला प्रीमियर लीग क्रिकेट के अंतिम लीग मैच में आज मुंबई इंडियंस का सामना रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से होगा। यह मैच मुंबई के ब्रेबोर्न स्टेडियम में शाम साढ़े सात बजे से खेला जाएगा।

****समाप्त*****